
हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा केन्द्रों का शुभारंभ

**कोरबा।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबरतक आदि सेवा पर्व एवं सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के चिन्हांकित समस्त 479 ग्रामों में 17 सितम्बर को आदि सेवा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। इन आदि सेवा केन्द्रों में सेवा पखवाड़ा के दौरान आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पत्र बनाने संबंधी कार्य किये जाएंगे। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक गांवों में 20.20 वालेन्टियर्स आदि साथी एवं आदि सहयोगी के रूप में लगभग 10 हजार वालेन्टियर्स की टीम तैयार की गई है, जो ग्रामीणों की मांग, शिकायत एवं समस्याओं को शासन तक सीधे पहुंचाने का कार्य करेगी । यह टीम ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, युवाओं के साथ 17 से 30 सितम्बर के मध्य ग्राम के संपूर्ण क्षेत्रों का भ्रमण करेगी तथा विजन 2030 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में विलेज एक्शन प्लान तैयार करेगी तथा 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर तैयार की गई विलेज एक्शन प्लान को सर्व सहमति से अनुमोदन करेगी । ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित विलेज एक्शन प्लान को विलेज नोडल अधिकारी द्वारा भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्धारित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

### हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदपुर में नए प्राचार्य हुए पदस्थ



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदपुर में नए प्राचार्य की पदस्थापना पर प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा का जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी प्रधानपाठक सागर टंडन को स्थानांतरण कर नये प्राचार्य की पदस्थापना शिक्षा विभाग ने की है। इस दौरान उनके साथ में प्रभारी प्राचार्य श्री भार्गव, लकेश्वर राजवाड़े, प्रमोद राठौर, गजेंद्र साहू, नीतीश साहू, शिवशंभु केंवट, अविनाश बियार उपस्थित रहे।

### विशेष शर्मा बने एमडीपी कटघोरा कालजे के एनएसयूआई अध्यक्ष



**कोरबा।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने विशेष शर्मा को मुकुटधार पाण्डेय कॉलेज कटघोरा का एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री राठौर ने बताया कि लगातार कई वर्षों से छात्र संघ का चुनाव नहीं हो पा रहा था। जिससे छात्रों को राजनीतिक मंच नहीं मिल पा रहा था और लीडरशिप करने का मौका नहीं मिल पा रहा था। अब हर कॉलेज में छात्रों को नेतृत्व करने का मौका देंगे। इस दौरान एनएसयूआई कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह, वेंडी, कटघोरा ब्लाक अध्यक्ष अमन महंत, अवतार चौहान, चित्रांश अनंत, उमेश महंत, अभिषेक नीलेश, और कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग के द्वारा चलाया जा रहा सेवा पखवाड़ा अभियान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा जिला ऑटो डीलर संघ, जिला बस संघ, जिला ऑटो संघ, परिवहन सुविधा केंद्र एवं समस्त प्रदूषण जांच केंद्रों में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा पखवाड़े के पहले दिन जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया। 18 सितंबर को समस्त स्कूल बस ड्राइवर के निशुल्क नेत्र जांच परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें 60 से अधिक स्कूल बस ड्राइवर ने अपने नेत्र जांच कराई।

### बांगो बांध के तीनों गेट को किया गया बंद

**कोरबा।** हसदेव बांगो बांध के कैचमेट इलाके में पानी आने का सिलसिला कम होते ही शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे बांध का जलस्तर नियंत्रण में होने के कारण सभी गेटो को पूरा बन्द कर दिया गया है। वर्तमान में पानी की आवक 8351 क्यूसेक है एवं जलविद्युत संयंत्रों की तीन इकाइयाँ पूरी क्षमता से चल रही हैं और 9000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हैं।

### मिनी माता सम्मान हेतु नामांकन 26 तक

**कोरबा।** अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य की एक महिला/अशासकीय संस्था को मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) प्रदान किया जाता है। जिसके तहत एक महिला/संस्था को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाता है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा छान-बीन के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को भेजी जाएगी। इसी तरह महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से माता बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान किया जाता है।

### करतला, बरपाली और कोरबी तहसील में सामने आए हैं मामले

# राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर सरकारी जमीनों को निजी कराने की चल रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा और कोरबा अनुविभाग के तहसील अंतर्गत शासकीय भूमि के राजस्व रिकार्ड में हेरा फेरी कर निजी खाते में दर्ज किये जाने के मामले के शिकायत के बाद हुई

**खास बात**

- खुलासा होने के बाद सभी जमीन शासकीय मद में की गई दर्ज

जांच में खुलासा होने पर सभी शासकीय जमीनों को वापस शासकीय मद में दर्ज कर दिया गया है। किंतु इन मामलों की जांच भी विभागीय स्तर पर अभी भी जारी है।



बीते दो माह में शासकीय जमीनों को निजी खाते में दर्ज कर प्रदेश के अन्य जिलों की निजी बैंकों से लोन लिए जाने के मामले का खुलासा होने के बाद प्रशासन ने अपने स्तर पर इसकी जांच शुरु कर दी है। अब तक तीन प्रकरण सामने आ चुके हैं और तीनों की मामलों में हल्का पटवारियों को निलंबित किया जा चुका है। रिकार्ड में फर्जीवाड़ा पटवारी हल्का के आईडी से ही किये जाने पर प्रारंभिक जांच में पटवारियों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। पहला मामला कोरबा अनुविभाग के करतला तहसील के सामने आया था जहां पटवारी ने 2 सौ एकड़ शासकीय जमीन को निजी खाते में दर्ज कर दिया था और इस जमीन के एवज में प्रदेश के अन्य जिलों से लोन ले लिए गए थे। इसी तरह दूसरा मामला कोरबा अनुविभाग बरपाली का सामने आया था यहां भी शासकीय रिकार्ड में हेरा फेरी कर शासकीय जमीन को निजी खाते में दर्ज कराया गया था और यहां भी उक्त जमीन के रिकार्ड के आधार पर बेमेतरा जिले के बैंक से लोन लिया गया था। तीसरा प्रकरण पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग के कोरबी तहसील का सामने आया था। यहां भी पटवारी हल्का आईडी के माध्यम से ही राजस्व रिकार्ड में छेड़छाड़ कर निजी खाते में दर्ज कराकर बेमेतरा और दुर्ग के बैंक से लोन लेने का मामला सामने आया था।

**जिले के रिकार्ड को बनाया जा रहा निशाना**

भूमाफियाओं के द्वारा जिले के पटवारी हल्का के राजस्व रिकार्ड को हेरफेर कर प्रदेश के अन्य जिले से लोन लेने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। लगातार तीन प्रकरण सामने आने के बाद और तीनों के तार दुर्ग, बेमेतरा से जुड़े होने के कारण इसकी गहराई से जांच प्रशासन के द्वारा अपने स्तर पर कराई जा रही है। हालांकि अभी तक यह मामला सायबर में नहीं पहुंचा है किंतु इस मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

# खदान में लगातार हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग से हरदीबाजार के रहवासी दहशत में



ब्लास्टिंग से गिरा छत का प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दीपका क्षेत्र में स्थित एसईसीएल खदान से होने वाली लगातार हैवी ब्लास्टिंग ने स्थानीय रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है। खदान अब हरदीबाजार से महज 300 मीटर की दूरी पर पहुँच चुकी है और शुक्रवार को ही दिन भर में चार बार जोरदार ब्लास्टिंग की गई। इन धमाकों से आसपास के घरों में झटके महसूस किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे दीवारों में दरारें पड़ रही हैं और बच्चों-बुजुर्गों को डर और असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग धूल और कंपन से सेहत पर असर पड़ने की आशंका भी जता रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस विषय पर कई बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अब तक कार्यवाही का आश्वासन ही मिला है। उनकी मांग है कि प्रशासन और कंपनी प्रबंधन ब्लास्टिंग की प्रक्रिया को सुरक्षा मानकों और नियमानुसार नियंत्रित करें, ताकि गांव के लोग सुरक्षित रह सकें। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रबंधन और जिला प्रशासन इस मुद्दे पर कब और क्या कदम उठाते हैं, क्योंकि हरदीबाजार में स्थिति दिन-ब-दिन तनावपूर्ण होती जा रही है।

# तेज रफ्तार जेसीबी गिरा नहर में, चालक लापता, रेस्क्यू टीम लगी खोजबीन में



नहर से जेसीबी को बाहर निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक देर शाम को जेसीबी से काम खत्म कर जेसीबी वाहन को लेकर अपने गृहग्राम जा रहा था कि उसकी तेज रफ्तार जेसीबी वाहन नहर मार्ग में अनियंत्रित हो गई और सीधे नहर में जा गिरी। अलसुबह जब पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली तो पुलिस व गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी के चालक की खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। घंटे मशक्कत के बाद किसी तरह जेसीबी वाहन को बाहर निकाला गया। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी लापता जेसीबी चालक का कुछ पता नहीं चल पाया है। जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरमाल के समीप हुई घटना
- नहर में डूबे जेसीबी को पुलिस से निकाला बाहर, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरमाल नहर के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम संडैल निवासी अमित पटेल 24 वर्ष पिता अशोक पटेल जेसीबी का चालक है जो लक्ष्मी कुर्रे नामक युवक का जेसीबी का संचालन करता है। बताया जाता है कि ग्राम भलपहरी में जेसीबी को अमित पटेल चला रहा था और गुरुवार की देर शाम भलपहरी से ग्राम संडैल जा रहा था कि देर रात उसकी जेसीबी वाहन रोड पर अनियंत्रित हो गई और देवरमाल के पास सीधे नहर में जा गिरी। नहर में पानी की रफ्तार तेज होने की वजह से अमित पटेल वाहन को संभाल नहीं पाया और वह सीधे नहर के पानी में समा गया। शुक्रवार की सुबह जब घटना की सूचना ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने इसकी सूचना उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को दी। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से जेसीबी चालक अमित पटेल की आसपास क्षेत्र में घंटों खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं दूसरी ओर घटनास्थल पर दूसरा वाहन बुलाया गया और नहर में गिरे जेसीबी वाहन को किसी तरह खींचकर बाहर निकाला गया। पुलिस का कहना है कि गोताखोरों की टीम अमित पटेल की खोजबीन में जुटी हुई है लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

**लापता युवती का नहीं मिला सुराग**

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर अटल आवास निवासी शीलू त्रिपाठी और काशीनगर निवासी राहुल नामदेव बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन जब शीलू त्रिपाठी के परिजनों को इस प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उन्होंने शादी से इनकार कर दिया था जिसके बाद दोनो प्रेमी जोड़े ने गुरुवार को सर्वेश्वर एनिकट में छलांग लगा दी थी। युवक को पुलिस ने बचा लिया था लेकिन शीलू त्रिपाठी का अब तक पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को गोताखोरों की टीम हसदेव नदी में सुबह से देर शाम तक शीलू की खोजबीन करती रही लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं मिल पाया।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष लेंगे अधिकारियों की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांति वर्मा द्वारा जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली जाएगी।

# लाखों की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली निवासी हाल मुकाम पथर्रीपारा निवासी श्रीमति उमेंद बाई महंत उम्र 52 वर्ष पति अनुप दास महंत ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मजदूरी कर जीवनयापन का कार्य करती है। उमेंद बाई को रकम की आवश्यकता पड़ने पर उमेंद बाई के के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 790/11 जिसका रकबा 0.81 भूमि को बेचने के लिए कामता प्रसाद महंत पिता मोहित राम महंत पता पठियापाली थाना उरगा जिला कोरबा छ.ग. हा.मु. सीएसईबी कॉलोनी क्वा.नं. सुपर एफ 541 दुर्गा पंडाल के पास के निवासी को ग्राहक ढूंढने के लिए सौंपा गया था उक्त रकबा खसरा नंबर की भूमि कामता प्रसाद महंत के द्वारा कुशवंत कुमार सतनामी पिता स्व. भगत राम सतनामी उम्र 35 वर्ष निवासी बांकीमोंगरा थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा छ.ग. से खरीदने की बातचीत होने के उपरांत 14 लाख 50 हजार रूपये में खरीदी बिक्री करने के लिए सौदा हुआ सौदा होने के उपरांत रजिस्ट्री 17 हजार को रजिस्ट्री होने के उपरांत रजिस्ट्री कार्यालय में मुझे 8 लाख दिया गया शेष रकम 6 लाखा 50 हजार रूपये को उमेंद बाई के द्वारा कामता प्रसाद महंत को दे देने की बात कुशवंत सतनामी को बोली गयी कि कामता प्रसाद महंत को शेष बचे हुए 6 लाख 50 हजार रूपये को देने की बात बोली गयी थी तो कुशवंत सतनामी के द्वारा 6 लाख 50 हजार रूपये को उमेंद बाई के बोले गये बातो के उपरांत कामता प्रसाद महंत को 6 लाख 50 हजार रूपये को दिया गया।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेनरल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# हड़ताल के बाद वापस काम पर लौटे एनएचएम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन की सख्ती और समझाइश के बाद आखिरकार शुक्रवार को 32 दिनों की हड़ताल के बाद एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मी वापस लौट आए है। शासन के आखिरी चेतावनी के बाद देर शाम तक सभी जिलों में एनएचएम कर्मियों ने अपनी हडताल समाप्त कर ज्वाइनिंग दे दी है।

हड़ताल समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई जा रही है शनिवार से एक बार फिर ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर लौट आएगी और लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस बीच एनएचएम कर्मियों के ज्वाइनिंग का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। इन कर्मचारियों की हड़ताल से पीएचसी, सीएचसी, सब हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो गई थी और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान एनएचएम संघ ने प्रदेशभर में अलग अलग तरीके से प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया जबकि शासन की ओर से हडतालीकर्मियों को वापस काम पर लौटने की समझाइश दी जा रही थी।

### सेवा पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 सितंबर को घंटाघर चौक से निर्मला स्कूल तक प्रातः 7 बजे से 7.30 बजे तक नशामुक्त मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन में कालेज के छात्र-छात्राएं, स्काउट गाइड सहित आम नागरिक भाग ले सकेंगे। इसी कड़ी में 21 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकूद का कार्यक्रम रखा गया है।

# निगम को मिली 94.40 लाख की सौगात, 7 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा वाणिज्य एवं सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयास से नगर निगम क्षेत्र को 94 लाख 40 हजार रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिली है। जिला खनिज न्यास निधि की बैठक में निगम के लिए 7 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से लेकर सौंदर्यीकरण तक के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इस उपलब्धि का श्रेय महापौर संजू देवी राजपूत के सतत प्रयासों और नेतृत्व को भी जाता है। महापौर ने इस स्वीकृति को नगर के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार जताया है। स्वीकृत कार्यों में टीपी नगर चौक एवं सीएसईबी चौक के पास नागरिकों के लिए दो वेटिंग शेड 32.30 लाख, वार्ड 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड खरमोरा में सीसी रोड 15 लाख, वार्ड 26 रविशंकर नगर स्थित वाल्मीकि आश्रम के पास चबूतरा व रेलिंग निर्माण 1.50 लाख, वार्ड 32 महालक्ष्मी इंटरप्राइजेस से सुरेश चंद्र मंगल के घर तक सीसी नाली 6 लाख, वार्ड 32 यादव से सीपी पटेल के घर तक सीसी रोड व आरसीसी नाली 6 लाख, वार्ड 20 सामुदायिक भवन में किचन शेड 4 लाख, वार्ड 36 100 बेड अस्पताल परिसर में वोटिंग हॉल 39.60 लाख के कार्य शामिल हैं। सभी योजनाओं से न केवल नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि नागरिकों को सीधा लाभ भी मिलेगा। राज्य सरकार की ट्रिपल इंजन नीति के तहत यह विकास कार्य आम जनता की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किए गए हैं। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। यह पहल कोरबा शहर को नए विकास पथ की ओर ले जाएगी।



सीएम के साथ उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर एवं अन्य।

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 21 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



बीमारियों से बचाव के लिए दैनिक जीवन में शामिल करें पोषणयुक्त आहार

4




## खबर संक्षेप

### कोसमंदा रेलवे फाटक में जाम की समस्या से लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार 23 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक वेदांता स्कील स्कूल बाल्को कोरबा द्वारा सिलाई मशीन ऑपरेटर के 40 पद, फीटर 40 पद, वेल्डर 40 पद, होटल मैनेजमेंट के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमि.चांपा द्वारा ब्रांच मैनेजर के 3 पद सहायक बॉच मैनेजर के 5 पद, एवं ऑफिस एक्जीक्यूटिव के 5 पदों भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। आवेदको का कार्यक्षेत्र कोरबा व जॉजगीर चांपा जिला रहेगा।

### 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्ततार

**बाराद्वार।** 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार बस्ती निवासी गौतम चालक पिता कौशल प्रसाद चालक उम्र 26 द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने की जानकारी मिली। पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत के निर्देशन पर 19 सितंबर को बाराद्वार बस्ती में टीम बनाकर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी हुई कीमति 25 सौ रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण राजपूत, प्रआर. देवनारायण चंद्रा श्रीकांत सेंगर , विजय पटेल, आर. योगेश राठौर रामकुमार यादव, रामनिवास उरांव , तकेश्वर कटकवार का योगदान रहा।

## धान की फसल पर बीमारी, नहीं मिल पा रही किसानों को समुचित जानकारी

# कीटनाशक विक्रेताओं की सलाह पर दवा का छिड़काव, विभागीय अमला नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के ढाई लाख से अधिक रकबे में प्रमुख रूप से धान की फसल लगाई गई है। फसल पर कई तरह के कीटप्रकोप व बीमारी समय समय पर देखे जाते है। इनसे फसल को बचाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव जरूरी होता है। इसके लिए कृषि विभाग में मैदानी अमला भी होता है, लेकिन यह अमला नदारद है। ऐसे में कीटनाशक दवा बेचने वाले विक्रेता ही कृषि वैज्ञानिक बनकर किसानों को दवा छिड़काव की जानकारी दे रहे हैं। दवा विक्रेताओं की सलाह पर ही दवा का छिड़काव कर किसान फसल को बचाने की कवायद में जुटे है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा धान की फसल लगाई गई है। इधर किसान इन दिनों धान की फसलों पर बीमारियों के चलते परेशान है। धान की फसल पर झुलसा, तना छेदक सहित अन्य बीमारियां होने की जानकारियां सामने आ रही है, लेकिन जिम्मेदार कृषि विभाग के अधिकारी एवं ग्राम सेवक किसानों को दवा छिड़कावों की समुचित जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक दवा बेचने वाले विक्रेता ही कृषि वैज्ञानिक बनकर किसानों को दवा छिड़काव की जानकारी प्रदान कर रहे हैं, जबकि इस तरह का कार्य कृषि विभाग एवं उससे जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का है। अधिकांश गांव में कृषि विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस तरह की स्थिति बलौदा, नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़ क्षेत्र के गांव में देखने को मिल रही है। किसान मजबूरन कीटनाशक विक्रेताओं से जानकारी लेकर अपने खेतों में दवा का छिड़काव कर रहे हैं। इस तरह समुचित जानकारी के बिना दवा का छिड़काव करना किसानों के लिए काफी महंगा पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग के द्वारा ग्राम सेवकों को प्रत्येक गांव में जाकर किसानों से चर्चा करने के साथ-साथ लगाए गए फसल के अनुसार सही मात्रा में दवा का छिड़काव करने किसानों को जानकारी दी जानी है लेकिन इस तरह की गतिविधियां नजर नहीं आ रही है। कई बार तो किसान अपने खेतों में सही दवा का छिड़काव भी नहीं कर पाते जिसके चलते धान की फसल पर इसका असर नहीं हो जाता है। फसल बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं वहीं किसानों को दवाइयां भी बदलनी पड़ती है। इधर जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में बड़े पैमाने पर किसानों के द्वारा धान की फसल लगाई गई है लेकिन खेतों के अंतिम छोर तक पानी अभी भी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके चलते किसानों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस तरह की दिक्कत बलौदा एवं नवागढ़ क्षेत्र के किसानों को होती है। बलौदा क्षेत्र के करीब दर्जन भर से अधिक ग्राम पंचायत में नहर की भी सुविधा नहीं है। जिसके कारण किसान आसमान से गिरने वाले बारिश पर ही निर्भर रहते हैं।



### एग्रीस्टेक पंजीयन भी नहीं कर पाए हजारों किसान

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए इस साल किसानों को एग्री स्टेक पंजीयन करना जरूरी है। जांजगीर जिले के करीब 1 लाख 20 हजार से अधिक किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन होना है। जिसमें अभी भी 3 हजार से अधिक किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन बाकी है। इसके अलावा नवंबर महीने के दौरान समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ हो जाएगी। इसे लेकर भी सेवा सहकारी समितियां के द्वारा प्रारंभिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। जांजगीर चांपा जिले के 101 सेवा सहकारी समिति एवं सक्ती जिले के 95 समितियां के माध्यम से समर्थन मूल्य प्रदान खरीदी की तैयारी प्रारंभिक स्तर पर शुरू कर दी गई है।

### जारी किया है निर्देश

जिले के किसानों के द्वारा बड़े पैमाने पर धान की फसल लगाई गई है। धान की फसल पर इस समय बीमारी चल रही है। दवा छिड़काव को लेकर किसानों को समुचित जानकारी देने ग्राम सेवकों को निर्देशित किया गया है।

-ललित मोहन भगत,
उपसंचालक कृषि
जांजगीर चांपा

# फेसबुक में लड़की के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर 25 लाख की ठगी

## अकलतरा पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

फेसबुक में लड़की के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक युवक से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। ठग ने फर्जी प्रोफाइल के माध्यम से अकलतरा के युवक से दोस्ती की। फेसबुक मेसेंजर और वाट्सएप चेटिंग कर युवक को जाल में फंसाया। इसके बाद मां और पिता के इलाज के साथ बहन की पढ़ाई के नाम पर उससे ऑनलाइन पैसे लिए। ठग ने युवक से कई किस्त में कुल 25 लाख की ठगी की। अकलतरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा निवासी दीपक जैन को फेसबुक पर एक लड़की के नाम से बनी प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। रानू साहू के नाम से बनी आई डी की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद चेटिंग का सिलसिला शुरू हुआ।फेसबुक मेसेंजर और व्हाट्सएप से लगातार उनके बीच चैटिंग होती रही। इस दौरान दीपक को अपनी बातों से बहला कर पैसा लेना शुरू किया। अपनी मां और पिता के इलाज के नाम पर पैसा लिया गया। साथ ही बहन का मुम्बई के कालेज में मेडिकल की पढ़ाई के लिए एडमिशन कराने के नाम पर भी पैसा लिया गया। आनलाईन बैंक अकाउंट फोन पे के माध्यम से अलग अलग किस्त में लगभग 25 लाख रूपए ठग लिया गया। जब दीपक को ठगी का अहसास हुआ तो लड़की के बारे मे खाता नंबर , फोन नंबर अन्य माध्यम से पता किया। दीपक को पता चला कि जिससे वह लड़की समझकर चेटिंग करता है और पैसे देता है वह वास्तव में एक लड़का है। पतासाजी करने के बाद दीपक जैन ने फर्जी फेसबुक प्रोफ़ाइल बनाकर ठगी करने वाले बलौदा बाजार जिले के भांठापारा निवासी करन साहू के खिलाफअकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने बलौदा बाजार जिले के भांठापारा निवासी 29 वर्षीय करन साहू पिता जनकराम साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने ठगी के पैसे को जुआ में हारना और उसी ठगी के पैसे से एक पल्सर मोटर सायकल खरीदना बताया। पुलिस ने बाइक को जप्त किया है। आरोपी के मोबाइल सिम नंबर को जप्त किया गया है। आरोपी करन साहू को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### ड्रीम गर्ल 2 फिल्म से आइडिया लेकर फैलाया ठगी का जाल

आरोपी करन साहू ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसे ठगी करने का यह आइडिया ड्रीम गर्ल 2 फिल्म देखने के बाद आया। करन जुआ खेलने का आदी था और घर वाले उसकी इस आदत से परेशान थे। जुआ खेलने के लिए वह घर के सामन को चोरी कर बेच देता था। उसकी हरकत से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया था। करन ने इस दौरान ड्रीम गर्ल 2 फिल्म देखी और पैसा कमाने ठगी करने का आइडिया आया। उसने फेसबुक पर लड़की के नाम की प्रोफ़ाइल बनाकर कई लोगों को फंसाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दीपक को फ्रैंड रिक्वेश भेजने पर वह करन की जाल में फंस गया और ठगी का शिकार हो गया।

# शराब दुकान से ढाई लाख की चोरी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बोड़सरा के शराब दुकान का लॉकर तोड़कर ढाई लाख की चोरी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नैला चौकी का है।

इस संबंध में नैला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोड़सरा के शराब दुकान में 18 मई की दरमियानी रात्रि में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा ताला तोड़कर दिवाल उखाड़ कर लाकर को तोड़कर शराब बिक्री का नगदी रकम 2 लाख 42 हजार 190 रुपए को लाकर सहित चोरी कर ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर चौकी नैला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। इसी दौरान 13 सितंबर को सायबर टीम एवं नैला पुलिस द्वारा पूर्व में नैला क्षेत्र के व्यापारी से 10 लाख रुपए की उठाईगिरि के मामले में पूछताछ के दौरान पता चला कि मुकेश सूर्यवंशी निवासी नैला वार्ड नं. 02 चौकी नैला एवं नितेश पंडित उर्फ विक्की निवासी अमोरा थाना मुलमुला के द्वारा बोड़सरा के शराब दुकान का ताला तोड़कर लाकर में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले जाना कबुल किये थे, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज जा चुका है। आरोपी दोमेश वैष्णव उर्फ चन्दन जो विगत दिवस फरार चल रहा था, जिसे मुखबिर की सूचना पर पकड़कर पूछताछ की गई। जिसके कब्जे से लाकर को तोड़ने के लिए प्रयुक्त लोहे का सबली को सिवनी बड़ी नहर के किनारे से बरामद किया गया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विनोद जाटवर चौकी प्रभारी नैला सहित स्टाफ का योगदान रहा।



### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर 6 मवेशियों की मौत

**फगुरम।** ग्राम सेरो में तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चालन करते हुए 6 मवेशियों को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इधर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 18 सितंबर की देर रात हाइवा के चालक ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में करीब 6 गायों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। शुरू कर दी। फगुरम पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# आखिर वायरल आडियो की जांच कराने से क्यों डर रहीं विधायक : अम्बेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश का कथित ऑडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

- भाजपा ने प्रेसवार्ता कर पामगढ़ विधायक को कटघरे में किया खड़ा

वायरल ऑडियो को लेकर हर ओर तरह तरह की चर्चा हो रही है। इसके साथ ही आरोप- प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

कांग्रेसी विधायक का ऑडियो वायरल होने से बीजेपी को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया है। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा ने शनिवार 20 सितंबर को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान पामगढ विधायक शेषराज हरबंश की रेत माफियाओ से सांठ गांठ होने का आरोप लगाया गया। साथ ही वायरल वीडियो की जांच कराने से विधायक के डरने की बात भी कही गई। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने विधायक को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर ऑडियो एडिटेड है तो विधायक ने अब तक किसी के खिलाफ एफ आई आर क्यों दर्ज नहीं कराई। साथ ही कहा कि विधायक कई तरह के आरोप तो लगा रही हैं, लेकिन जांच कराने से क्यों घबरा रही हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने दूध का दूध और पानी का पानी करने शासन से पूरे प्रकरण की जांच करने पार्टी की ओर से आवेदन भेजने का दावा किया।



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े।

### आरोप- प्रत्यारोप का दौर

वायरल ऑडियो को लेकर विधायक शेषराज हरबंश ने 18 सितंबर को प्रेस वार्ता ली थी। इस दौरान विधायक ने इसे कुछ लोगों का षड्यंत्र बताते हुए आरोप लगाए थे। भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष लहरे पर भी विधायक ने आरोप लगाया था। संतोष लहरे ने 20 सितंबर को भाजपा की प्रेस वार्ता के दौरान विधायक के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि बौखलाहट में विधायक कुछ भी कह रही हैं और किसी का भी नाम घसीट रही हैं। संतोष लहरे ने कहा कि जो भी विधायक के खिलाफ बात कर रहा है उस पर आरोप लगा रही हैं।

# विद्यालय में नशे की हालत में पाई गई शिक्षिका, निरीक्षण के बाद हुई निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा ब्लाक के प्राथमिक शाला लेवई में पदस्थ शिक्षिका के नशे की हालत में पाए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी को कारण नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर एसडीएम अकलतरा, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला लेवई, विकासखंड बलौदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों, छात्रों एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी में यह पुष्टि हुई कि विद्यालय की प्रधान पाठक हीरा पोर्ते 19 सितम्बर को नशे की हालत में विद्यालय में उपस्थित थीं। इस गंभीर कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए हीरा पोर्ते को सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदा निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने मॉनिटरिंग में लापरवाही के लिए संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदा और बीआरसी बलौदा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे आदतन शिक्षकों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रारंभ की जाए। विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## आने जाने वाले राहगीर सहित वाहन चालकों को होती है परेशानी

# सिलादेही-केरा पुल की हालत जर्जर, जिम्मेदारों का नहीं कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सिलादेही केरा पुल की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते वाहन चालक समेत राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदारों को कोई सरोकार तक नहीं है। जिसका खामियाजा यहां के रहवासियों को भुगतना पड़ता है।

ज्ञात हो कि सिलादेही केरा के बीच हसदेव नदी में पुलिया का निर्माण कार्य होने से सभी को बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, डभरा कम समय में आसानी से पहुंच जाते हैं। पुलिया में जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण सेतु विभाग ने थूक पालिश करके लाखों रूपए का खर्च करके पुनः अपनी बदहाली पर छोड़ दिया है तथा पुलिया की हालत इतनी खराब हो गया है कि पुलिया में बडे बड़े जानलेवा गड्ढा होने के कारण छोटी वाहन को चलाने में दिक्कत हो रही है। साथ ही जानलेवा गड्ढा होने के कारण वाहन चालक गड्ढा में गिरकर चोटिल हो रहा है। साथ ही वही बड़ी बड़ी वाहन चालक को गड्ढा को बचाने के लिए किसी सर्कस की तरह तरकीब करते हुए दिखाई देते हैं। सेतु विभाग के अधिकारी भी कुभ्भकणी की निद्रा में सो रहे हैं तथा किसी बडी हादसा की वेट में है, किन्तु इस पुलिया की हालत इतनी जर्जर हो गयी है कि इस पुलिया में सफर करना अपनी जान हथेली में रखकर सफर करने के लिए विवश है। जगह जगह से सरिया बाहर झांक रहे हैं। पुलिया में गड्ढा को ढाल पे दो पात की भांति पुलिया की हालत जैसी हो गई है, किन्तु हर बार की तरह मरम्मत कार्य करके अपनी हाल पर छोड़ दिया जाता है। तरह तरह गड्ढा होने के कारण जल्द ही पुलिया का नया सिरे से रिपेयरिंग नहीं किया गया तो आने वाले समय में पुलिया से आवागमन बाधित हो सकता है। हसदेव पुलिया की हालत को लेकर आसपास के जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में पुलिया निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर दबी जुबान से आंदोलन की बात उठ रही है तथा कभी भी आक्रोश भड़क सकता है तथा इनका जिम्मेदार सेतु विभाग को भुगतना पड़ सकता है।



सिलादेही-केरा पुल पर बने गड्ढे।

